प्रभात खबर

# Samastipur News: कई कंपनियों का नकली प्रोडक्ट बनाने का भंडाफोड़, प्राथमिकी दर्ज




Samastipur News:समस्तीपुर : कई कंपनियों का नकली प्रोडक्ट बनाने का भंडाफोड़ किया गया है. कंपनी के प्रतिनिधि से मिली शिकायत के बाद पुलिस ने बंगरा थाने के सिरसिया के एक घर में छापेमारी कर भारी मात्रा में नकली प्रोडक्ट व प्रोडक्ट बनाने का सामान बरामद किया है. वहीं पास के एक किराना दुकान से भी 900 पीस नकली डेटॉल साबुन बरामद किया गया है. दुकानदार के द्वारा कोई कागजात पेश नहीं किया.दुकानदार ने अपना नाम प्रेमसागर साह बताया है. कंपनी के प्रतिनिधि अजय पंडित ने थाने में आवेदन देकर बंगरा थाने के सिरसिया के घर में नकली प्रोडक्ट बनाये जाने की शिकायत की. शिकायत के बाद पुलिस उस घर पर छापेमारी की. छापेमारी में सिरसिया स्थित घर से काफी मात्रा में निकली प्रोडक्ट मिला. वहीं प्रोडक्ट बनाने का सामान भी बरामद हुआ.

Source: [https://www.prabhatkhabar.com/state/bihar/samastipur/many-companies-busted-for-making-fake-products](https://www.prabhatkhabar.com/state/bihar/samastipur/many-companies-busted-for-making-fake-products)